# SUNSHINE CAPITAL LIMITED

**Regd Address: 209 Bhanot Plaza II 3 D B Gupta Road, New Delhi, India- 110055**
**CIN: L65993DL1994PLC060154, Email id: sunshinecapital95@gmail.com**
**Website: www.sunshinecapital.in; Mobile No.: +91-9891709895**

**Date: 25th May 2026**

**To,**
**The Department of Corporate Service**
**BSE Limited**
**PhirozeJeejeebhoy Towers,**
**Dalal Street, Mumbai – 400001.**

**SCRIP CODE: 539574 (SUNSHINE CAPITAL LIMITED) EQ - ISIN - INE974F01025.**

**Subject: Submission of Extract of Newspaper Publication of Audited Financial Results for the quarter and financial year ended on March 31st, 2026.**

Dear Sir/Madam,

With reference to the above captioned subject, please find herewith enclosed copies of Newspaper Publication of Audited Financial Results for the quarter and financial year ended on March 31st, 2026. Pursuant to Regulation 47 of Securities and Exchange Board of India (Listing Obligation and Disclosure Requirements) Regulations, 2015.

The Financial Results was published in one English Newspaper **"English Daily Open Search"** and in one Hindi Newspaper **"Hindi Daily Open Search"**in the language of the region where the registered office situated. The web link for the direct access to the above mentioned newspaper advertisement is https://www.opensearch.co.in/33075/ and https://www.opensearch.co.in/33072/. . You are requested to take the above on your records and acknowledge the same.

You are requested to take the above on your records and acknowledge the same.

**Thanking You.**

**For and on behalf of Board of Directors**
**SUNSHINE CAPITAL LIMITED**

SURENDRA KUMAR JAIN

Digitally signed by SURENDRA KUMAR JAIN
DN: cn=SURENDRA KUMAR JAIN, c=IN, l=Central Delhi, st=Delhi, o=Personal, email=jainsk555@gmail.com, serialNumber=d616cfac76c71bcb1cc422052e2338ceba7c158b5a8b7fe340a6af4359096313
Date: 2026.05.25 17:15:32 +05'30'

**Surendra Kumar Jain**
**Managing Director**
**DIN: 00530035**

**Place: New Delhi**

# CCI's decade-long probe exposes gaping holes in Delhi's private healthcare

NEW DELHI : (AGENCY)

A patient entering a private super-speciality hospital may still have the freedom to choose where to seek treatment. But once admitted, that choice 'almost always' disappears.

In a sweeping order passed after a nearly decade-long investigation into Delhi's top private hospitals, the Competition Commission of India (CCI) has acknowledged that admitted patients effectively get 'locked in' to hospital-run pharmacies, diagnostics and consumables systems because of hospital protocols, convenience and perceived medical risks.

The findings emerged in a case relating to Sir Ganga Ram Hospital, one among 12 private super-speciality hospitals investigated by the competition watchdog over allegations of charging excessive prices for medicines, diagnostic tests, implants and consumables sold to in-patients. The case itself originated from



allegations against Max Super Specialty Hospital, where the complainant had alleged that disposable syringes sold through the hospital's in-house pharmacy carried higher MRPs than identical products available in the open market. While the CCI eventually found no evidence of collusion between the hospital and syringe manufacturer Becton Dickinson, the investigation triggered a much wider scrutiny into how private hospitals price medicines, consumables and diagnostics for admitted patients. Interestingly, the Director-General's (DG) supplementary investigation also noted that among the 12 hospitals examined, St Stephen's Hospital stood out as an exception. Unlike most hospitals investigated, St Stephen's was found to allow patients to procure medicines, consumables and diagnostic services from outside the hospital ecosystem. The commission cited this distinction while examining whether private hospitals effectively operate as "self-contained" markets for in-patients. At the heart of the order lies a contradiction that could shape the future debate on private healthcare regulation in India. While the CCI recognised that admitted patients are nudged toward using in-house pharmacies and laboratories and "almost always" end up depending on them, it stopped short of conclusively calling the conduct anti-competitive abuse, reasoning that patients technically retain the freedom to choose another hospital before admission. The order paints a detailed picture of how healthcare markets operate differently from conventional markets.

"Due to ease of convenience as well as the hospital's 'protocol' and declaration to the patients regarding potential risks associated, in-patients, almost always, resort to usage of the hospital's in-house pharmacy and laboratories," the commission observed. The CCI noted that this creates a 'locked-in effect' upon admitted patients, effectively ensuring that hospitals supply 'almost the entire' medicines, consumables and tests required during treatment. During the investigation, the Director General (DG) compared rates charged by hospitals with those of standalone diagnostic centres such as Dr Lal Path Labs, Goyal MRI and House of Diagnostics. The findings showed striking disparities in several cases. According to tables reproduced in the order, Sir Ganga Ram Hospital charged.

up to 243 per cent more for certain tests such as reticulocyte count in 2018 when compared to average standalone lab rates. A BACT/alert aerobic culture test was found to be as much as 238 per cent higher, while several ultrasound and X-ray procedures were priced between 50 per cent and 200 per cent above comparison labs. For instance, a knee X-ray procedure cost Rs 1,010 at the hospital in 2018, compared to Rs 330 at the reference diagnostic lab cited in the investigation.

# Hon'ble Delhi CM Rekha Gupta Flags Off Ride-Sharing Initiative to Boost Sustainable Urban Mobility

NEW DELHI. OPEN SEARCH



The Delhi Government is taking significant steps towards making Delhi cleaner, smarter and more sustainable through the promotion of sustainable urban mobility. Hon'ble Chief Minister of Delhi, Smt. Rekha Gupta, today, flagged off the Uber Share service, in the presence of Hon'ble Minister for Environment, Forest & Wildlife, Shri Manjinder Singh Sirsa, at the Delhi Secretariat. Launched at one of the country's busiest transit hubs, the Uber Airport Share service at IGI Airport will offer affordable, convenient and seamless shared ride options directly through the Uber App. The launch comes in line with the government's initiative to encourage greater adoption of shared mobility and more efficient utilisation of transport infrastructure. Nearly 7 lakh passengers who travel to the airport will benefit from affordable, seamless and technology-driven shared ride services* Hon'ble Chief Minister Smt. Rekha Gupta said, "The Delhi Government is committed to building a cleaner, greener and smarter capital through innovative and sustainable mobility solutions. The launch of the ride share service is a major step towards reducing traffic congestion, lowering vehicular emissions and encouraging citizens to adopt shared and environmentally responsible modes of transport. This initiative reflects our vision of creating a modern, technology-driven and commuter-friendly transport ecosystem for Delhi." *• Speaking on the occasion, Hon'ble Minister for Environment, Forest & Wildlife, Shri Manjinder Singh Sirsa said, "We have been actively engaging with private operators and stakeholders to facilitate the launch of this service. To effectively reduce pollution in Delhi, it is essential that citizens increasingly opt for ride-sharing, and therefore, we are implementing this initiative from today." The Hon'ble Minister further said, "Through this initiative, passengers will now have access to affordable and convenient ride-sharing options. If two or three people choose.

to travel together under this system, their travel

## SC grants interim bail to two Delhi riots accused, refers question of law to larger bench

NEW DELHI : (AGENCY)

The Supreme Court on Friday granted interim bail of six months to two Delhi riots accused while referring to a larger bench the question of law on whether prolonged incarceration and delay in trial can override the statutory restrictions. A bench of Justices Aravind Kumar and P B Varale refused to comment on the recent verdict given by a bench headed by Justice B V Nagarathna in which it criticised the January 5 verdict denying bail to activists Umar Khalid and Sharjeel Imam. The Delhi Police has sought reference of the question of law to a larger bench on whether prolonged incarceration and delay in trial can override the statutory



restrictions on bail under anti-terror laws such as the Unlawful Activities (Prevention) Act, 1967 (UAPA). The bench justified the denial of bail to Khalid and Imam in the Delhi riots case, saying it was based on an accused-based evaluation, role ascribed to them and not that Article 21 was considered subordinate. The bench granted interim bail to two Delhi riots accused Abdul Khalid Saifi and Tasleem Ahmad for six months, subject to certain conditions. It said that the prosecution.

## BJP Jan Kalyan Manch Intensifies "Organization Expansion Campaign : Santosh Mishra

VIJAY KUMAR.OPEN SEARCH

The BJP Jan Kalyan Manch, Delhi State, is launching a c o m p r e h e n s i v e "Organization Expansion Campaign" to strengthen the organization and spread nationalist ideology to the masses. This campaign aims to connect as many people as possible to the organization, disseminate the BJP's public welfare policies to every household, and strengthen the resolve to serve the nation. Delhi State President Pandit Santosh Mishra stated that the objective of the BJP Jan Kalyan Manch is not merely to expand the organization, but to work in the national interest by engaging every section of society. He stated that the organization's goal is to further strengthen the organization by adding thousands of new members in Delhi. He called upon workers to go door-to-door to inform people about the BJP government's achievements and public welfare schemes and play an active role in this nation-building campaign. Pt. Santosh Mishra stated that the BJP Jan Kalyan Manch is working on the motto of "Our organization, our resolve, and the nation above all," and all officials and workers are working with complete dedication and commitment to take the organization to new heights. He stated that under the leadership of the Prime Minister, the country is continuously establishing new dimensions of development, and by strengthening the organization in Delhi State.


## TRANS GLOBE NKS HOLDINGS LIMITED

**(Formerly Known as NKS Holdings Private Limited consequent Upon its name change and Conversion as well as Merger of Trans Globe Textiles Limited)**

**CIN: U65993DL2006PLC156860**

**Registered Office: 47/18, Old Rajinder Nagar, Rajendera Place Metro Station, Central Delhi, New Delhi, India, 110060**

**Mail id: nksholdings123@gmail.com, , website:www.transglobenksholdingsltd.com Contact No.:- 9891095232**

**AUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND FINANCIAL YEAR ENDED ON 31st MARCH, 2026**

(IN LACS EXCEPT EPS)

| S.N | Particulars | Standalone | | | Consolidated | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | Quarter Ended | | YEAR ENDED | Quarter Ended | | YEAR ENDED |
| | | 01.01.2026 to 31.03.2026 (₹) | 01.10.2025 to 31.12.2025 (₹) | 01.04.2025 to 31.03.2026 (₹) | 01.01.2026 to 31.03.2026 (₹) | 01.10.2025 to 31.12.2025 (₹) | 01.04.2025 to 31.03.2026 (₹) |
| 1 | Total Income from operation | 27.50 | 15.23 | 42.73 | 27.50 | 15.23 | 42.73 |
| 2 | Net Profit / Loss for the period before tax and exception items | (3,854.90) | (29.32) | (5,087.79) | (3,854.90) | (29.32) | (5,087.79) |
| 3 | Net Profit/ Loss for the period before tax (after exception itmes) | (3,854.90) | (29.32) | (5,087.79) | (3,989.91) | 896.12 | (3,674.74) |
| 4 | Net Profit/ Loss for the period after tax (after exception itmes) | (3,854.88) | (29.27) | (5,087.72) | (3,989.89) | 896.17 | (3,674.67) |
| 5 | Total [Comprehensive income/ loss for the period [comprising profit/ loss for the period (after tax) and other comprehensive income/ loss (after tax)] | (3,854.88) | (29.27) | (5,087.72) | (3,989.89) | 896.17 | (3,674.67) |
| 6 | Paid up equity share capital | 1,214.72 | 1,214.72 | 1,214.72 | 1,214.72 | 1,214.72 | 1,214.72 |
| 7 | Earning per share after exception item Basic & Diluted | (31.73) | (0.24) | (41.88) | (32.85) | 7.38 | (30.25) |

**Note 1.** The above Audited Financial Results For The Quarter And Financial Year Ended On 31st March, 2026, were reviewed by the Audit Committee at the meeting and approved by the Board of Directors and taken on record at the meeting held on 23.05.2026.

**2.**The above is an extract of the detailed format of quarterly financial result filed with the stock exchange under Regulation 33 of the SEBI (Listing obligations and disclosure requirements) Regulations 2015. The full format of the quarterly financial result are available on the company's Website: www.transglobenksholdingsltd.com

**For and on behalf of Board of directors of TRANS GLOBE NKS HOLDINGS LIMITED**

**Date : 23/05/2026**
**Place : NEW DELHI**

**VIRENDRA JAIN**
**DIRECTOR**
**DIN: 00530078**

**DEEPU SINGH**
**MANAGING DIRECTOR**
**DIN: 06786614**


# Delhi Police steps up security arrangements across capital ahead of Bakrid

NEW DELHI : (AGENCY)

The Delhi Police has stepped up security arrangements across the national capital ahead of Eid-ul-Azha (Bakrid), with intensified foot patrolling, vehicle checking, picket inspections and a series of Aman Committee meetings being conducted across multiple districts, officials said on Friday. Police said community-outreach programmes, guard briefings and coordination meetings are being organised to ensure peaceful celebrations during the festival.

In Shahdara district, a meeting was held at the office of the deputy commissioner of police (DCP), where senior officers inter-



acted with local representatives and community members, asking them to adhere to government norms and regulations. "Special emphasis was laid on three key elements — coordination, vigilance and public participation — to ensure that the festival is celebrated in a peaceful and harmonious atmosphere," a senior police officer from Shahdara said. Officers urged residents to maintain communal harmony and immediately report any suspicious activity or rumour-mongering. In East Delhi, police have conducted interactive meetings with resident welfare associations (RWAs) and market welfare associations (MWAs) at several places as part of confidence-building measures ahead of the festival. "Station house officers (SHOs) are holding separate Aman Committee meetings, while personnel are organising Prahri meetings at multiple locations," an officer from East district said. The meetings are aimed at strengthening coordination with local residents, traders and volunteers to ensure peaceful celebrations and smooth management of public movement during the festival period, the officer added. The Northeast district police, assisted by additional forces, has also intensified foot patrolling in sensitive areas and crowded markets. In the western region, police personnel are carrying out extensive checking drives and patrolling exercises in markets, residential colonies and other vulnerable points. According to police, securi-


## SUNSHINE CAPITAL LIMITED

**CIN: L65993DL1994PLC060154**

**Regd Address: 47/18, Old Rajinder Nagar, Near Rajendra Place Metro Station, Rajender Nagar, Central Delhi, New Delhi, Delhi, India, 110060**

**Email id: sunshinecapital95@gmail.com Website: www.sunshinecapital.in**

**Phone No: 011-47476071 Mobile No.: +91-9289992108**

**AUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND FINANCIAL YEAR ENDED ON 31st MARCH, 2026**

(IN LACS EXCEPT EPS)

| S.N | Particulars | Standalone | | | Consolidated | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | Quarter Ended | | YEAR ENDED | Quarter Ended | | YEAR ENDED |
| | | 01.01.2026 to 31.03.2026 (₹) | 01.10.2025 to 31.12.2025 (₹) | 01.04.2025 to 31.03.2026 (₹) | 01.01.2026 to 31.03.2026 (₹) | 01.10.2025 to 31.12.2025 (₹) | 01.04.2025 to 31.03.2026 (₹) |
| 1 | Total Income from operation | 97.44 | 113.94 | 534.08 | 97.44 | 113.94 | 534.08 |
| 2 | Net Profit / Loss for the period before tax and exception items | 24.52 | 42.23 | 2,999.39 | 24.52 | 42.23 | 2,999.39 |
| 3 | Net Profit/ Loss for the period before tax (after exception itmes) | 24.52 | 42.23 | 2,999.39 | 24.46 | 42.22 | 2,999.29 |
| 4 | Net Profit/ Loss for the period after tax (after exception itmes) | (6.16) | 42.23 | 2,932.88 | (6.22) | 42.22 | 2,932.78 |
| 5 | Total [Comprehensive income/ loss for the period [comprising profit/ loss for the period (after tax) and other comprehensive income/ loss (after tax)] | (6.16) | 42.23 | 2,932.88 | (6.22) | 42.22 | 2,932.78 |
| 6 | Paid up equity share capital | 52,291.72 | 52,291.72 | 52,291.72 | 52,291.72 | 52,291.72 | 52,291.72 |
| 7 | Earning per share after exception item Basic & Diluted | (0.00) | 0.00 | 0.06 | (0.00) | 0.00 | 0.06 |

**Note**

**1.** The above Audited financial results for the quarter and Financial year ended 31st March 2026 has been reviewed by the Audit Committee and then approved by the Board of Directors at their meeting held on 23th May 2026.

**2.**The above is an extract of the detailed format of quarterly financial result filed with the stock exchange under Regulation 33 of the SEBI (Listing obligations and disclosure requirements) Regulations 2015. The full format of the quarterly financial result are available on the company's Website: www.sunshinecapital.in

**For and on behalf of Board of directors of For SUNSHINE CAPITAL LIMITED**

**SURENDRA KUMAR JAIN**
**MANAGING DIRECTOR**
**DIN: 00530035**

**Date : 23/05/2026**
**Place : NEW DELHI**


# Delhi govt to revive rainwater harvesting at its 75 schools : CM Rekha Gupta

NEW DELHI : (AGENCY)

As part of a water conservation exercise, the Delhi government will revive rainwater harvesting systems at its 75 CM Shri Schools, Chief Minister Rekha Gupta said on Thursday. "Government's objective is to strengthen rainwater conservation, improve groundwater recharge, and foster greater awareness about water conservation among students and the wider community," Gupta said. As part of the exercise, a comprehensive audit of rainwater harvesting infrastructure has already been conducted in the Delhi government's 75 CM Shri Schools, she added.

According to officials, a detailed presentation on the project was made before



the chief minister. "The audit found that while most schools already had rainwater harvesting systems in place, many had remained non-functional for years or had not been maintained properly. Several harvesting pits were found completely blocked, while others were filled with plastic waste, silt, debris and garbage," Gupta said in a statement. In some cases, school authorities were unaware that such structures even existed on their premises, while design-related deficiencies were also identified in several structures. The audit also found that rainwater was flowing directly into drains at many locations, defeating the purpose of conservation, Gupta said, adding that the initiative is expected to create an annual rainwater harvesting capacity of nearly 50 crore litres. Highlighting the importance of rainwater harvesting, she said Delhi receives an average annual rainfall of about 775 mm, and a rooftop area of roughly 2,500 square feet can help conserve nearly 2,00,000 litres of rainwater every year. "Such a quantity can meet the annual water needs of a family of five. The harvested water can be used for drinking, gardening, cleaning, flushing and several other purposes," she added. Gupta said the government will adopt the 'Ehsaas' model, approved by the Delhi Jal Board in 2021, and known for its low cost, minimal space.

# बारिश से पहले 75 स्कूलों में लगेगा रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम, बचेगा 50 करोड़ लीटर पानी : मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता

**नई दिल्ली.ओपन सर्च**

दिल्ली सरकार ने राजधानी में जल संरक्षण को लेकर एक बड़ा और प्रभावी कदम उठाया है। मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता के अनुसार दिल्ली के 75 सीएम श्री स्कूलों में मौजूदा वर्षा जल संचयन (रेन वाटर हार्वेस्टिंग) प्रणालियों को पुनर्जीवित और प्रभावी बनाने का निर्णय लिया गया है। इन 75 सीएम श्री स्कूलों में करीब 50 करोड़ लीटर वार्षिक वर्षा जल संचयन की क्षमता विकसित की जाएगी।



इस संबंध में मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता के समक्ष एक विस्तृत प्रेजेंटेशन प्रस्तुत किया गया, जिसमें स्कूलों में मौजूद रेन वाटर हार्वेस्टिंग संरचनाओं की स्थिति, उनकी कमियां तथा उन्हें कार्यशील बनाने की कार्ययोजना रखी गई। इस मसले पर मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार का उद्देश्य राजधानी में वर्षा जल संरक्षण को मजबूत करना, भूजल स्तर सुधारना तथा छात्रों और समाज में जल संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। इसी दिशा में 75 सीएम श्री स्कूलों में मौजूदा रेन वाटर हार्वेस्टिंग संरचनाओं का ऑडिट कराया गया है। मुख्यमंत्री ने जानकारी दी कि दिल्ली में औसतन 775 मिमी वार्षिक वर्षा होती है और लगभग 2500 वर्ग फुट की छत से हर वर्ष करीब 2 लाख लीटर वर्षा जल संरक्षित किया जा सकता है। यह पानी पांच सदस्यीय परिवार की एक वर्ष की आवश्यकता पूरी करने में सक्षम हो सकता है।

संग्रहित जल का उपयोग पेयजल, बागवानी, सफाई, फ्लशिंग और अन्य उपयोगों में किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि स्कूलों में वर्षा जल संचयन के लिए गैर सरकारी संगठन 'एहसास' मॉडल को अपनाया जाएगा, जिसे दिल्ली जल बोर्ड द्वारा

**दिल्ली सरकार का उद्देश्य वर्षा जल संरक्षण को मजबूत करना, भूजल स्तर सुधारना व छात्रों और समाज में जल संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना : सीएम रेखा गुप्ता**

वर्ष 2021 में स्वीकृति दी गई थी। यह मॉडल कम लागत, कम जगह और लगभग शून्य रखरखाव की विशेषता वाला माना जाता है। इसके माध्यम से छतों से आने वाले वर्षा जल को फिल्टर कर स्टोरेज व बोरवेल से जोड़ा जाएगा, जिससे भूजल स्तर में सुधार होगा और सूखे बोरवेल को भी पुनर्जीवित करने में सहायता मिलेगी। मुख्यमंत्री के अनुसार तकनीकी टीमों ने 75 सीएम श्री स्कूलों का निरीक्षण कर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी है। ऑडिट के दौरान सामने आया कि अधिकांश स्कूलों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम मौजूद तो हैं, लेकिन वे लंबे समय से बंद पड़े हैं या उनकी देखरेख नहीं हुई है। कई स्थानों पर गड्ढे पूरी तरह बंद मिले, कुछ में प्लास्टिक, गाद, मलबा और कचरा भरा हुआ था, जबकि कई स्कूलों को यह तक जानकारी नहीं थी कि उनके परिसर में ऐसी संरचनाएं मौजूद हैं।

निरीक्षण में यह भी सामने आया कि अनेक स्थानों पर वर्षा जल सीधे नालों में जा रहा है, जिससे जल संरक्षण का उद्देश्य पूरा नहीं हो पा रहा। कई संरचनाओं में डिजाइन संबंधी खामियां भी पाई गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार ने इन कमियों को दूर करने के लिए विस्तृत सुधारात्मक कार्ययोजना तैयार की है। इसके तहत वर्षा जल पाइपों को उचित चैनलों से जोड़ा जाएगा, जल निकासी मार्गों की नियमित सफाई होगी, रेन वाटर हार्वेस्टिंग गड्ढों की सफाई कर नए फिल्टर मीडिया लगाए जाएंगे तथा सर्विसिंग के लिए बड़े मैनहोल और सुरक्षित पहुंच की व्यवस्था की जाएगी। इसके साथ ही प्रत्येक स्कूल में एक प्रभावी रूफटॉप रेन वाटर हार्वेस्टिंग मॉडल स्थापित किया जाएगा, जिससे बारिश के पानी को संग्रहित कर भूजल रिचार्ज किया जा सके। केवल स्कूलों की छतों से ही लगभग 13 करोड़ लीटर वर्षा जल प्रति वर्ष संरक्षित किया जा सकता है, जबकि कुल कैचमेंट क्षमता लगभग 50 करोड़ लीटर वार्षिक तक पहुंच सकती है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक स्कूल में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम के रखरखाव के लिए अलग बजट प्रावधान करने का भी निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस अभियान के अंतर्गत प्रत्येक स्कूल में विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों के लिए जल संरक्षण जागरूकता कार्यशालाएं आयोजित की जाएंगी। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार जल संरक्षण को जन आंदोलन बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। स्कूलों के माध्यम से बच्चों और समाज में जल बचाने की संस्कृति विकसित करना इस पहल का महत्वपूर्ण उद्देश्य है।

# नीट पेपर लीक मामले में पवन खेड़ा का तंज, बोले- पेपर लीक नहीं हुआ, सवाल बाहर आ गया

**नई दिल्ली (एजेंसी)**



नीट पेपर लीक मामले पर एनटीए प्रमुख के बयान को लेकर कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने बातचीत में तंज सकते हुए कहा कि पेपर लीक नहीं हुआ है बल्कि सवाल बाहर आ गया है। पवन खेड़ा ने कहा कि 2024 में जब पेपर लीक हुआ, तब मामला सीबीआई तक पहुंचा। सीबीआई ने देरी की और कोर्ट में समय मांगा तो कोर्ट ने फटकार भी लगाई।

यह कहानी फिर से दोहराई जा रही है लेकिन इस दौरान एक पूरी पीढ़ी का वर्तमान अंधकारमय हो रहा है और भविष्य खत्म हो रहा है। केंद्रीय कैबिनेट की बैठक को लेकर पवन खेड़ा ने कहा कि इससे पहले ऐसी घटना 4 जून 2025 को हुई थी। एक साल बाद फिर से कैबिनेट की बैठक की गई। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि जो मंत्री खुद को बेरोजगार मानते थे, उनको भी कुछ घंटे के लिए रोजगार मिला। पवन खेड़ा ने कहा कि 2047 वाली पीढ़ी को जब सवाल पूछना होगा तो वे किससे पूछेंगे। आज के सवालों का जवाब कौन देगा? उन्होंने कहा कि बेरोजगारी, भुखमरी, कानून-व्यवस्था, महिला सुरक्षा, खाद की कमी और किसानों की समस्या पर सवालों का जवाब कौन देगा। दिल्ली सरकार की ओर से बकरीद पर कुर्बानी के दिशा-निर्देश जारी करने को लेकर पवन खेड़ा ने कहा कि नियम-कानून तो पहले से ही बने हुए हैं, फिर ये नई-नई बातें क्यों कर रहे हैं? दिल्ली में कौन से ऊंट और गाय की कुर्बानी होती है? लोगों का ध्यान असली मुद्दों से हटाया जा रहा है। हर बकरीद पर ये टूलकिट दिख जाता है। बता दें कि दिल्ली सरकार ने बकरीद को लेकर सख्त दिशानिर्देश जारी किए हैं।

# दिल्ली में पानी-सीवर शुल्क में की गई कटौती, नई आईएफसी नीति से लोगों को मिली राहत




**नई दिल्ली (एजेंसी)**

दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) ने पानी और सीवर से जुड़े इंफ्रास्ट्रक्चर शुल्क (आईएफसी) में बड़ा बदलाव करते हुए लोगों को राहत देने का फैसला किया है। नई नीति के तहत अब आईएफसी पानी की वास्तविक मांग के आधार पर लिया जाएगा। यह शुल्क केवल नई डेवलपमेंट या किसी प्रॉपर्टी में अतिरिक्त निर्माण पर लागू होगा।

जिन रीडेवलपमेंट मामलों में पानी की मांग नहीं बढ़ेगी, वहां आईएफसी नहीं लिया जाएगा। इसके अलावा, आईएफसी की गणना करते समय नॉन-एफएआर और खुले क्षेत्रों को शामिल नहीं किया जाएगा। नई व्यवस्था के तहत ई और एफ श्रेणी की कॉलोनियों में रहने वालों को आईएफसी में 50 प्रतिशत की छूट मिलेगी जबकि जी और एच श्रेणी की कॉलोनियों में 70 प्रतिशत तक की राहत दी जाएगी। साथ ही, आईएफसी केवल उन्हीं प्रॉपर्टीज़ पर लागू होगा जो 200 वर्ग मीटर से बड़े प्लॉट पर बनी हैं। प्लॉट का आकार सेल डीड, कन्वेंस डीड, रजिस्टर्ड जीपीए या एग्रीमेंट टू सेल जैसे दस्तावेजों के आधार पर तय किया जाएगा। ीय यूनिट्स को भी बड़ी राहत दी है। 200 वर्ग मीटर से बड़े प्लॉट पर बनी 50 वर्ग मीटर तक की आवासीय इकाइयों को पानी और सीवर आईएफसी में अतिरिक्त 50 प्रतिशत छूट दी जाएगी। वहीं, आयकर अधिनियम की धारा 12एबी के तहत पंजीकृत संस्थानों और धार्मिक स्थलों को भी इतनी ही छूट मिलेगी। जिन संस्थागत और व्यावसायिक भवनों में 'जीरो लिक्विड डिस्चार्ज' वाला सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) काम कर रहा है, उन्हें सीवर आईएफसी में 50 प्रतिशत की छूट दी जाएगी।

हालांकि, एसटीबी बंद मिलने पर प्रतिदिन 0.05 प्रतिशत का जुर्माना लगाया जाएगा। नई नीति से लोगों पर आर्थिक बोझ काफी कम होगा। उदाहरण के तौर पर, 200 वर्ग मीटर से बड़े प्लॉट पर बने 300 एफएआर और चार मंजिला मकान के लिए ए और बी श्रेणी की कॉलोनियों में पहले जहां करीब 13.18 लाख रुपये आईएफसी देना पड़ता था, अब यह घटकर लगभग 5.40 लाख रुपये रह जाएगा।

# बकरीद को लेकर दिल्ली सरकार ने जारी की सख्त गाइडलाइन, कुर्बानी को लेकर दिया ये आदेश

**नई दिल्ली (एजेंसी)**

दिल्ली सरकार ने बकरीद के पर्व के मद्देनजर दिशा-निर्देश जारी किए हैं, जिनका उल्लंघन करने वालों पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। दिल्ली में भी सड़कों और गलियों में कुर्बानी पर रोक लगाई है। कुर्बानी केवल वैध जगहों पर ही की जा सकेगी। दिल्ली सरकार में मंत्री कपिल मिश्रा ने बकरीद के मद्देनजर दिल्ली सरकार की गाइडलाइन को लेकर एक वीडियो जारी किया है।



उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, 'बकरीद पर गौवंश, गाय, बछड़ा, ऊंट व अन्य प्रतिबंधित जानवरों की कुर्बानी पूरी तरह गैरकानूनी है, ऐसा करने वालों पर आपराधिक मुकदमा दर्ज किया जाएगा। सार्वजनिक स्थलों गली, सड़कों पर कुर्बानी की अनुमति नहीं है, ऐसा करने वालों पर भी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। कुर्बानी के बाद सीवर व नाली या सार्वजनिक स्थलों पर कचरा डालना पूरी तरह प्रतिबंधित है , कुर्बानी सिर्फ वैध स्थलों पर ही की जा सकती है। इन गाइडलाइंस का उल्लंघन होने पर पुलिस व दिल्ली सरकार के विकास मंत्रालय को सूचित कर सकते हैं।' इससे पहले मंत्री कपिल मिश्रा ने गुरुवार को विकास विभाग के साथ बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिए कि पशुओं के अवैध परिवहन, अवैध कुर्बानी और पशुओं के प्रति क्रूरता के मामलों में सख्त कार्रवाई की जाए। मंत्री ने कहा कि बकरीद के दौरान केवल अधिकृत और तय स्थानों पर ही कुर्बानी की अनुमति होगी।

# दिल्ली हाईकोर्ट ने 'आप' नेता गोपाल राय को जारी किया अवमानना नोटिस

**नई दिल्ली (एजेंसी)**

दिल्ली हाईकोर्ट ने शुक्रवार को आम आदमी पार्टी (आप) के नेता गोपाल राय और खोजी पत्रकार सौरव दास को नोटिस जारी किया है। यह नोटिस एक आपराधिक अवमानना याचिका के तहत जारी किया गया है, जिसमें आरोप लगाया गया है कि दोनों ने सोशल मीडिया पर ऐसे आपत्तिजनक और अवमाननापूर्ण सामग्री प्रसारित की, जो न्यायमूर्ति स्वर्णकांता शर्मा के खिलाफ थी।



यह मामला कथित आबकारी नीति केस से जुड़ा बताया जा रहा है। अशोक चैतन्य की ओर से दायर याचिका में आप के राष्ट्रीय संयोजक व पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और पार्टी नेता सौरभ भारद्वाज के खिलाफ भी अवमानना की कार्यवाही शुरू करने की मांग की गई थी। हालांकि, न्यायमूर्ति नवीन चावला और रविंदर डुडेजा की खंडपीठ ने कहा कि केजरीवाल और सौरभ भारद्वाज को पहले ही उच्च न्यायालय द्वारा स्वतः संज्ञान अवमानना कार्यवाही में नोटिस जारी किया जा चुका है। अदालत ने दोनों मामलों को एक साथ सुनने का निर्देश दिया और अगली सुनवाई 4 अगस्त के लिए तय की। साथ ही, नए पक्षकारों को जवाब दाखिल करने का आदेश दिया गया और सोशल मीडिया सामग्री को सुरक्षित रखने के निर्देश दिए गए।

अदालत ने वरिष्ठ अधिवक्ता राजदीपा बेहुरा को अमीक्स क्यूरी नियुक्त करते हुए उन्हें सभी संबंधित दस्तावेज उपलब्ध कराने का भी निर्देश दिया। याचिका में आरोप लगाया गया है कि जब अरविंद केजरीवाल और अन्य आरोपियों को आबकारी नीति भ्रष्टाचार मामले में ट्रायल कोर्ट से राहत मिली, तो सीबीआई ने दिल्ली हाईकोर्ट में रिवीजन याचिका दायर की, जो न्यायमूर्ति स्वर्णकांता शर्मा के समक्ष सूचीबद्ध हुई।

इसके बाद आरोप है कि न्यायमूर्ति शर्मा से मामले को हटाने और उन्हें सुनवाई से अलग करने की कोशिशों के दौरान सोशल मीडिया पर 'समन्वित अभियान' चलाया गया, जिसमें न्यायाधीश पर पक्षपात और हितों के टकराव जैसे गंभीर आरोप लगाए गए। अदालत ने पहले के आदेशों में कहा था कि न्यायपालिका को बदनाम करने के लिए चलाए गए ऐसे अभियान न्यायिक प्रक्रिया में हस्तक्षेप करने और संस्था की गरिमा को प्रभावित करने का प्रयास हैं, जबकि आलोचना की एक सीमित सीमा स्वीकार्य है। बाद में न्यायमूर्ति स्वर्णकांता शर्मा ने स्वयं इस मामले से खुद को अलग कर लिया और मामला दूसरी बेंच को सौंप दिया गया।

# दिल्ली हाईकोर्ट ने उमर खालिद को दी तीन दिन की अंतरिम जमानत

**नई दिल्ली (एजेंसी)**

दिल्ली हाईकोर्ट ने 2020 के दंगा मामले में यूएपीए के तहत गिरफ्तार उमर खालिद को तीन दिन की सशर्त अंतरिम जमानत दी है। खालिद ने ट्रायल कोर्ट के उस आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें उसकी अंतरिम जमानत की अर्जी खारिज कर दी गई थी। दिल्ली हाईकोर्ट ने शुक्रवार को उमर खालिद की याचिका पर सुनवाई की। इसी दौरान, हाईकोर्ट ने उमर खालिद को 1 जून से 3 जून तक के लिए अंतरिम जमानत दे दी।

जस्टिस प्रतिभा एम. सिंह और जस्टिस मधु जैन की डिवीजन बेंच ने यह आदेश दिया। हालांकि, कोर्ट ने कुछ शर्तें रखी हैं, जिसके तहत खालिद को दिल्ली-एनसीआर इलाके में अपने बताए गए पते पर ही रहना होगा। कोर्ट ने साफ किया कि खालिद को इसी पते पर रहना होगा और वह सिर्फ अपनी मां से मिलने अस्पताल जा सकते हैं, किसी दूसरी जगह नहीं। कोर्ट ने निर्देश दिया कि खालिद को 1 लाख रुपए की जमानत राशि जमा करनी होगी।

# 119 करोड़ के दो बैंक घोटालों में सीबीआई की छापेमारी

**नई दिल्ली (एजेंसी)**

केंद्रीय जांच ब्यूरो ने दो बड़े बैंक धोखाधड़ी मामलों में सख्त कार्रवाई की है। सीबीआई ने 21 मई को मुंबई और अहमदाबाद में कुल सात जगहों पर तलाशी ली। इनमें दोनों कंपनियों के निदेशकों के आवासीय परिसर शामिल हैं। सीबीआई ने हरि एक्सट्रूजन प्राइवेट लिमिटे और मेसर्स जय फॉर्मूलेशंस लिमिटेड के खिलाफ दो अलग-अलग मामलों में छापेमारी की। दोनों मामलों में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों को कुल 119.03 करोड़ रुपए की हानि हुई है। हरि एक्सट्रूजन प्राइवेट लिमिटेड मामले में सीबीआई ने मुंबई के विशेष न्यायाधीश द्वारा जारी तलाशी वारंट के आधार पर छापेमारी की। कंपनी पर 61.98 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी का आरोप है। जांच में पता चला कि कंपनी ने पंजाब नेशनल बैंक से कैश क्रेडिट और टर्म लोन की सुविधा ली, लेकिन धोखाधड़ी के तरीके अपनाए। आरोपियों ने असुरक्षित ऋण दिए, सहयोगी कंपनियों के साथ फर्जी लेन-देन किए, बिक्री की राशि बैंक को नहीं भेजी और संबंधित पक्षों को गलत तरीके से भुगतान किए। तलाशी के दौरान कई आपत्तिजनक दस्तावेज जब्त किए गए हैं। मेसर्स जय फॉर्मूलेशंस लिमिटेड के मामले में अहमदाबाद की अदालत के वारंट पर छापेमारी की गई। इस मामले में 57.05 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी का आरोप है। कंपनी पर भारतीय स्टेट बैंक से झूठे बही-खातों के आधार पर फंड आधारित और गैर-फंड आधारित ऋण सुविधाएं लेने और फिर ऋण राशि का दुरुपयोग करने का आरोप है।

सीबीआई के अनुसार, दोनों मामलों में कंपनियों के निदेशकों और अन्य आरोपियों ने बैंक को गुमराह किया और सार्वजनिक धन का दुरुपयोग किया। दोनों शहरों में की गई तलाशी के दौरान मिले दस्तावेजों की जांच जारी है। सीबीआई सूत्रों ने बताया कि जांच के दौरान और भी खुलासे हो सकते हैं। यह कार्रवाई सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में हो रहे बड़े घोटालों के खिलाफ सीबीआई की लगातार मुहिम का हिस्सा है। हाल के महीनों में सीबीआई ने कई बड़े बैंक फ्रॉड मामलों में छापेमारी और गिरफ्तारियां की हैं। अधिकारियों ने कहा कि दोनों कंपनियों के निदेशकों और अन्य संलिप्त व्यक्तियों से पूछताछ की जाएगी।

# 'कॉकरोच जनता पार्टी' पर बैन हटाओ, युवाओं की नाराजगी को समझो : शशि थरूर

**नई दिल्ली (एजेंसी)**

कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने विवादास्पद 'कॉकरोच जनता पार्टी' अभियान पर अपनी राय रखी है। थरूर ने कहा कि इस अभियान और इससे संबंधित उनके इंटरव्यू पर मिली प्रतिक्रियाओं का वे स्वागत करते हैं। थरूर ने अपने आधिकारिक 'एक्स' हैंडल पर पोस्ट करते हुए लिखा, 'कई यूजर्स इसे पाकिस्तान की साजिश बताकर खारिज कर रहे हैं लेकिन यह बात बहुत सरल है। अभिजीत दिपके का दावा है कि उनके 94 प्रतिशत फॉलोअर्स भारत में हैं। सच चाहे जो भी हो लेकिन मेरा मानना है कि लोकतंत्र में ऐसी आवाजों को दबाना बेवकूफी है।' उन्होंने जोर देकर कहा कि लोकतंत्र की सबसे बड़ी खूबी यह है कि वह लोगों की भावनाओं, निराशा और शिकायतों को ज़ाहिर करने के लिए मंच देता है। इन बातों को किसी व्यंग्य वाली साइट पर जाहिर होने देना असल में देश के हित में ही है। थरूर के अनुसार, युवाओं के बीच मौजूद राष्ट्रीय भावनाओं के एक महत्वपूर्ण पहलू को इस अभियान ने छुआ है, भले ही इसके संस्थापकों की मंशा कुछ भी रही हो।


## TRANS GLOBE NKS HOLDINGS LIMITED

**(Formerly Known as NKS Holdings Private Limited consequent Upon its name change and Conversion as well as Merger of Trans Globe Textiles Limited)**
**CIN: U65993DL2006PLC156860**
**Registered Office: 47/18, Old Rajinder Nagar, Rajendera Place Metro Station, Central Delhi, New Delhi, India, 110060**
**Mail id: nksholdings123@gmail.com, , website:www.transglobenksholdingsltd.com Contact No.:- 9891095232**

**AUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND FINANCIAL YEAR ENDED ON 31st MARCH, 2026**

(IN LACS EXCEPT EPS)

| S.N | Particulars | Standalone | | | Consolidated | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | Quarter Ended | | YEAR ENDED | Quarter Ended | | YEAR ENDED |
| | | 01.01.2026 to 31.03.2026 (₹) | 01.10.2025 to 31.12.2025 (₹) | 01.04.2025 to 31.03.2026 (₹) | 01.01.2026 to 31.03.2026 (₹) | 01.10.2025 to 31.12.2025 (₹) | 01.04.2025 to 31.03.2026 (₹) |
| 1 | Total Income from operation | 27.50 | 15.23 | 42.73 | 27.50 | 15.23 | 42.73 |
| 2 | Net Profit / Loss for the period before tax and exception items | (3,854.90) | (29.32) | (5,087.79) | (3,854.90) | (29.32) | (5,087.79) |
| 3 | Net Profit/ Loss for the period before tax (after exception itmes) | (3,854.90) | (29.32) | (5,087.79) | (3,989.91) | 896.12 | (3,674.74) |
| 4 | Net Profit/ Loss for the period after tax (after exception itmes) | (3,854.88) | (29.27) | (5,087.72) | (3,989.89) | 896.17 | (3,674.67) |
| 5 | Total [Comprehensive income/ loss for the period [comprising profit/ loss for the period (after tax) and other comprehensive income/ loss (after tax)] | (3,854.88) | (29.27) | (5,087.72) | (3,989.89) | 896.17 | (3,674.67) |
| 6 | Paid up equity share capital | 1,214.72 | 1,214.72 | 1,214.72 | 1,214.72 | 1,214.72 | 1,214.72 |
| 7 | Earning per share after exception item Basic & Diluted | (31.73) | (0.24) | (41.88) | (32.85) | 7.38 | (30.25) |

**Note 1.** The above Audited Financial Results For The Quarter And Financial Year Ended On 31st March, 2026, were reviewed by the Audit Committee at the meeting and approved by the Board of Directors and taken on record at the meeting held on 23.05.2026.

**2.**The above is an extract of the detailed format of quarterly financial result filed with the stock exchange under Regulation 33 of the SEBI (Listing obligations and disclosure requirements) Regulations 2015. The full format of the quarterly financial result are available on the company's Website: www.transglobenksholdingsltd.com

**For and on behalf of Board of directors of TRANS GLOBE NKS HOLDINGS LIMITED**

**Date : 23/05/2026**
**Place : NEW DELHI**

**VIRENDRA JAIN**
**DIRECTOR**
**DIN: 00530078**

**DEEPU SINGH**
**MANAGING DIRECTOR**
**DIN: 06786614**



## SUNSHINE CAPITAL LIMITED

**CIN: L65993DL1994PLC060154**
**Regd Address: 47/18, Old Rajinder Nagar, Near Rajendra Place Metro Station, Rajender Nagar, Central Delhi, New Delhi, Delhi, India, 110060**
**Email id: sunshinecapital95@gmail.com Website: www.sunshinecapital.in**
**Phone No: 011-47476071 Mobile No.: +91-9289992108**

**AUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND FINANCIAL YEAR ENDED ON 31st MARCH, 2026**

(IN LACS EXCEPT EPS)

| S.N | Particulars | Standalone | | | Consolidated | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | Quarter Ended | | YEAR ENDED | Quarter Ended | | YEAR ENDED |
| | | 01.01.2026 to 31.03.2026 (₹) | 01.10.2025 to 31.12.2025 (₹) | 01.04.2025 to 31.03.2026 (₹) | 01.01.2026 to 31.03.2026 (₹) | 01.10.2025 to 31.12.2025 (₹) | 01.04.2025 to 31.03.2026 (₹) |
| 1 | Total Income from operation | 97.44 | 113.94 | 534.08 | 97.44 | 113.94 | 534.08 |
| 2 | Net Profit / Loss for the period before tax and exception items | 24.52 | 42.23 | 2,999.39 | 24.52 | 42.23 | 2,999.39 |
| 3 | Net Profit/ Loss for the period before tax (after exception itmes) | 24.52 | 42.23 | 2,999.39 | 24.46 | 42.22 | 2,999.29 |
| 4 | Net Profit/ Loss for the period after tax (after exception itmes) | (6.16) | 42.23 | 2,932.88 | (6.22) | 42.22 | 2,932.78 |
| 5 | Total [Comprehensive income/ loss for the period [comprising profit/ loss for the period (after tax) and other comprehensive income/ loss (after tax)] | (6.16) | 42.23 | 2,932.88 | (6.22) | 42.22 | 2,932.78 |
| 6 | Paid up equity share capital | 52,291.72 | 52,291.72 | 52,291.72 | 52,291.72 | 52,291.72 | 52,291.72 |
| 7 | Earning per share after exception item Basic & Diluted | (0.00) | 0.00 | 0.06 | (0.00) | 0.00 | 0.06 |

**Note**

**1.** The above Audited financial results for the quarter and Financial year ended 31st March 2026 has been reviewed by the Audit Committee and then approved by the Board of Directors at their meeting held on 23th May 2026.

**2.**The above is an extract of the detailed format of quarterly financial result filed with the stock exchange under Regulation 33 of the SEBI (Listing obligations and disclosure requirements) Regulations 2015. The full format of the quarterly financial result are available on the company's Website: www.sunshinecapital.in

**For and on behalf of Board of directors of For SUNSHINE CAPITAL LIMITED**

**Date : 23/05/2026**
**Place : NEW DELHI**

**SURENDRA KUMAR JAIN**
**MANAGING DIRECTOR**
**DIN: 00530035**